>

Title: Need to provide financial assistance for supply of potable water in Jalore and Sirohi districts of Rajasthan.

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): उपाध्यक्ष महोदय, जल ही जीवन है, हम यह मानते हैं लेकिन मेरे संसदीय क्षेत्र जालौर सिरोही जल मीठा जहर प्रतीत हो रहा है। वहां फ्लोराइड की मात्रा बहुत बढ़ रही है और जल स्तर निरंतर गिरता जा रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र में जल में फ्लोराइड 5 से 6 पीपीएम आ रहा है और पूरे क्षेत्र में अगर देखें तो सरेरास 2 से 3 पीपीएम रहता है, जो कि एक से डेढ़ होना चाहिए। हमारे वहां जल स्तर भी बहुत तेजी से घट रहा है। वर्ष 2001 में 23.82 मीटर जल स्तर बारिश से पहले था और बारिश के बाद 22.5 हुआ लेकिन वर्ष 2011 में, दस साल बाद वह जल स्तर 33.82 हो गया है। दस मीटर के करीब जल स्तर घट गया है, लेकिन आज भी वहां की सरकार इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है और जिस परियोजना से हम जल स्तर बढ़ा सकते हैं, वह परियोजना बंद कर रही है और एक ही कारण बताया जा रहा है कि उनके पास पैसा नहीं है। उदाहरण के तौर पर माउंट आबू में साल गांव परियोजना है, माई परियोजना और नर्मदा नहर जो सावौर में आ चुकी है, साल गांव परियोजना बड़े रसूखदार आदमियों की वहां जमीन होने के कारण उस परियोजना को बंद कर दिया और यह बहाना बनाया कि पैसा नहीं है तथा पैसे की लागत बहुत बढ़ गई है। लोगों को फ्लोराइड की वजह से हड्डियों की बहुत मुश्किल हो रही है। लोगों में कुबड़ापन आ रहा है।

उपाध्यक्ष महोदय : आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री देवजी एम. पटेल : महोदय, जल ही जीवन है, सभी मानते हैं। आपको कम से कम इस विषय पर बोलने के लिए दो मिनट देने चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय : ठीक है, लेकिन दो मिनट इतने लम्बे नहीं होने चाहिए।

श्री देवजी एम. पटेल : महोदय, मैं मांग कर रहा हूं कि साल गांव परियोजना शुरू की जाए। अगर यह परियोजना शुरू होती है और नर्मदा नदी का पानी दोनों जिलों में पहुंचता है, तो इस समस्या का हल निकल सकता है। पिछले तीन साल से मैं लगातार यह मांग कर रहा हूं कि हमारे यहां पानी पहुंचे। साल गांव परियोजना के बारे में मैं कम से कम दो बार बोल चुका हूं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यहां से कमेटी भी गई, लेकिन उस कमेटी की रिपोर्ट का कोई असर नहीं हो रहा है।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि जल के लिए विशेष पैकेज दिया जाए, ताकि जनता की सुख सुविधा फुलफिल की जा सके। हमारे वहां किसान अच्छी उपज करते हैं, लेकिन इस बार पाला गिरने के कारण जो नुकसान हुआ, उसे भी सरकार ने नहीं दिया। इसलिए मैं आपके माध्यम से निवेदन कर रहा हूं कि विशेष पैकेज मिले और यह काम पूरा हो सके। धन्यवाद।